कक्षा - पहली　　　　　　विषय- हिन्दी

पुस्तक - कनक हिंदी पाठमाला

टीचर - सुमन शर्मा

# ऊ (ू) की मात्रा

सुप्रभात बच्चो !

यह पाठ कक्षा पहली, विषय - हिन्दी, पाठ्य पुस्तक - कनक हिंदी पाठमाला, पाठ नं० 6 ' ऊ की मात्रा (ू) ' से लिया गया है। इसका लिखित सार आपको 18 नवंबर, 2024 को भेज दिया जाएगा।

विद्यार्थियों ! आपने पिछली कक्षा में 'छोटे उ (ु) की मात्रा' के विषय में पढ़ा था। आज हम 'बड़े ऊ (ू) की मात्रा' के बारे में पढ़ेंगे। आइए, एक बार अब तक पढ़ी गई मात्राओं को दोहराते हैं।

आ - ा

इ - ि

ई - ी

उ - ु

ऊ - ू

बच्चो ! आज मैं आपको बड़े 'ऊ (ू) की मात्रा' को कैसे लिखते हैं तथा उसकी ध्वनि का उच्चारण कैसे करते हैं - सिखाऊँगी। जैसा कि आप जानते हैं कि प्रत्येक मात्रा का एक चिह्न (symbol) होता है, उसी प्रकार 'ऊ (ू) की मात्रा' का भी अपना एक चिह्न है - (ू) आइए, मैं आपको यह चिह्न बनाना सिखाती हूँ।

कक्षा - पहली विषय- हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला

टीचर - सुमन शर्मा

# ऊ(ू) की मात्रा

ऊ(ू) की मात्रा भी व्यंजन के नीचे यानि कि पैर में ही लगती है। उदाहरण - कू, खू ।

आइए, अब व्यंजनों के साथ 'ऊ(ू) की मात्रा' जोड़कर पढ़ते हैं। आप सब भी मेरे पीछे-पीछे बोलेंगे ताकि आपको 'ऊ(ू) की मात्रा' की ध्वनि अच्छी तरह से समझ आ जाए। सबसे पहले इसकी ध्वनि दोहराते हैं। ऊ - ऊ - ऊ - ऊ। बड़े ऊ(ू) की ध्वनि भी लंबी होगी।

क + ू = कू  त + ू = तू

ख + ू = खू  फ + ू = फू

ग + ू = गू  भ + ू = भू

च + ू = चू  न + ू = नू

ब + ू = बू  ध + ू = धू

स + ू = सू

म + ू = मू

द + ू = दू

कक्षा - पहली          विषय - हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला

टीचर - सुमन शर्मा

# ऊ ( ू ) की मात्रा

बच्चो। आपको ऊ ( ू ) की ध्वनि अच्छे से समझ आ गई होगी। बच्चो! बड़े ऊ ( ू ) की मात्रा भी 'र' के पैर में नहीं लगती यह भी 'र' व्यंजन के बीच में यानि पेट में लगती है — उदाहरण; रू

आइए, अब ऊपर दिए गए व्यंजनों से बड़े ऊ ( ू ) की मात्रा के शब्द बनाते हैं तथा उन्हें पढ़ने का अभ्यास करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कू + ल | = कूल | बा + बू | = बाबू |
| खू + न | = खून | आ + लू | = आलू |
| भू + ल | = भूल | भा + लू | = भालू |
| फू + ल | = फूल | जा + दू | = जादू |
| सू + प | = सूप | मू + ली | = मूली |
| धू + प | = धूप | सू + ली | = सूली |
| खू + ब | = खूब | | |
| झू + ल | = झूल | | |

पुस्तक- कनक हिन्दी पाठमाला, उपविषय- 'ऊ (ू) की मात्रा


टीचर- सुमन शर्मा


रूपा झूला झूली।
नूतन भी झूला झूली।
खूब मज़ा आया।
भालू चूहा लाया।

बच्चो! चलिए, अब पाँच मिनट का ब्रेक लेते हैं। सभी बच्चे ब्रेक में पाठ्य पुस्तक में दिए गए 'बड़े ऊ (ू) की मात्रा' के शब्दों को दुबारा पढ़ने का अभ्यास करेंगे।

बच्चों, पाँच मिनट की ब्रेक समाप्त हो गई है। चलिए, आगे पढ़ना शुरू करते हैं। बच्चों, अब हम नीचे कुछ चित्रों के नाम पढ़ते हैं। ये चित्र 'ऊ (ू) की मात्रा' से संबंधित हैं।

(हिन्दी नोट बुक में चित्र सहित लिखो)

1.  सूरज

3.  दूध


2.  आलू


4.  फूल

कक्षा - पहली विषय - हिन्दी


पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला, उपविषय 'ऊ(ू) की मात्रा'

टीचर - सुमन शर्मा

5.  झूला


6.  कबूतर


7.  पतलून

8.  भालू

9.  अमरूद

10.  जूता

11.  तरबूज

12.  ऊन

बच्चो! अब आपको 'बड़े ऊ (ू) की मात्रा' अच्छी तरह से समझ आ गई होगी। आप सब बार-बार ऊ (ू) की मात्रा के शब्दों को पढ़ने का अभ्यास करोगे।

(Last Page)